प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

30.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौकरियों की तेजी से बदलती प्रकृति और गेमिंग, एनीमेशन व फिल्म निर्माण जैसे सृजनात्मक क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों पर जोर दिया है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत की रचनात्मक प्रतिभाओं की अपार क्षमता को रेखांकित किया और सृजकों से 'क्रिएट इन इंडिया' थीम के तहत सूचना व प्रसारण मंत्रालय की ओर से आयोजित 25 चुनौतियों में भाग लेने का आह्वान किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग को आगे बढ़ाने और क्रिएटर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए अगले साल 5 से 9 फरवरी तक विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पंचायती राज उपचुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओ में हुए उपचुनावों में बीते कल 51 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। प्रदेश भर में इन संस्थाओ के 40 पदों के लिए कल चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग ने 138 पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा की थी जिनमें से 96 पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे जबकि 6 पदों पर किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा। सोलन नगर निगम के वार्ड नंबर 5 में भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा विजयी रहे। इस जीत को भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के खिलाफ जनादेश बताया।

तबादले

प्रदेश सरकार ने बीते कल रविवार को 5 एच ए एस अधिकारियों के तबादले किए हैं जबकि दो अधिकारियों के तबादला आदेश रदद किए गए। कांगड़ा के एसडीएम डॉ. हरीश गज्जू को मुख्यमंत्री का अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। अनुसूचित जाति व जनजाति विकास निगम सोलन के प्रबंध निदेशक के पद पर मनोज कुमार का तबादला किया गया है। विशाल शर्मा को एसडीएम हरोली लगाया गया है। इसके अलावा संजय कुमार को राज्य चयन आयोग का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं बाली चौकी के एसडीएम आर्शिया शर्मा और राजगढ़ के एसडीएम कुलवंत सिंह के तबादला आदेश रद्द किए गए हैं।

स्पीति मैराथन

भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सदभावना के तहत प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के सुमदो में आयोजित दो दिवसीय पहली हाई एल्टीच्यूट मैराथन संपन्न हो गई। इस मैराथन में स्थानीय लोगों के साथ–साथ देशभर के प्रतिष्ठित धावकों की भागीदारी रही। स्पीति मैराथन की 4 स्पर्धाओं में 6 सौ 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें लद्दाख पुलिस के जिग्मेट नामग्याल 77 किलोमीटर की स्पीति एवेंजर्स चैलेंज के पुरूष वर्ग के चैम्पियन बने। जबकि महिला वर्ग में तेंजिन डोलमा ने पहला स्थान हासिल किया। जी ओ सी इन सी सूर्या कमांड लेफिटनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित किया व सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

धारा 163

कुल्लू में आज विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा बुलाए गए रैली व प्रदर्शन को देखते हुए कुल्लू जिला प्रशासन ने शहर में धारा 163 लगा दी है। कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बताया कि गैमन पुल से लेकर अखाड़ा बाजार स्थित पेट्रोल पंप और ढालपुर चौक से कॉलेज गेट तक सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बिना अनुमति किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<u>और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **हिमाचल को नशा मुक्त बनाने के लिए चलेगा बड़ा अभियान। दैनिक सवेरा टाइम्स और दैनिक जागरण** के लगभग एक जैसे शब्द हैं **अखबार लिखते हैं नशे की समस्या से निपटने के लिए जल्द ही शुरू होगा नशा मुक्त हिमाचल अभियान। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **अब सरकारी अस्पतालों में चलेंगे नशामुक्ति केंद्र। हिमाचल दस्तक** की सुर्खी है **नशामुक्त हिमाचल अभियान शुरू करेगी प्रदेश सरकार। आपका फैसला ने लिखा है जल्द शुरू होगा नशा मुक्त अभियान।**

हरीश गज्जू होंगे मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव शीर्षक से पंजाब केसरी ने लिखा है 5 एच ए एस अधिकारियों के तबादले, 2 के किए रदद। दैनिक भास्कर के शब्द हैं डॉ. गज्जू होंगे सीएम के अतिरिक्त सचिव, विशाल होंगे एस डी एम हरोली। दैनिक जागरण का कहना है **हरीश गज्जू को लगाया मुख्यमंत्री सुक्खू का अतिरिक्त सचिव।**

पंचायती राज के लिए 51 और नगर निकायों के लिए 68 फीसदी मतदान शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हुई वोटिंग।

सभी जिलों में होंगी मोबाइल टेस्टिंग वैन, लोग मौके पर करवा सकेंगे खाद्य वस्तुओं के सैंपल की जांच दैनिक भास्कर की एक अन्य खबर है।

पंजाब केसरी के अनुसार **इस वर्ष अब तक 1 करोड़ 16 लाख़ से अधिक पर्यटकों ने की हिमाचल की सैर।**

बदलेगी 180 स्कूलों की सूरत 24 करोड़ 83 लाख रूपये जारी शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है हिमाचल के ये स्कूल पीएम श्री योजना के तहत हुए हैं चयनित।

इसके साथ ही ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।